भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2225
दिनांक 12 फरवरी, 2026

पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रभाव

†2225. **श्री दीपक अधिकारी (देव):**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दो वर्षों के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण देश में पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर कोई प्रभाव पड़ा है; और

(ख) यदि हां, तो विगत दो वर्षों का तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख) इन्टरनल कम्बशन (आईसी) वाहनों की मौजूदा संख्या और आईसी गाड़ियों की लगातार बढ़ोतरी, सड़क पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की मौजूदा हिस्सेदारी से काफ़ी ज़्यादा है। एमएस और एचएसडी की खपत में 2023-24 और 2024-25 के दौरान बढ़ोतरी की प्रवृत्ति दिखी है, जैसा कि नीचे ब्यौरा दिया गया है:

आंकड़ा: एमएमटी में

वित्तीय वर्ष	एमएस	एचएसडी
2022-23	35.0	85.9
2023-24	37.2	89.6
2024-25	40.0	91.4

स्रोत: पीपीएसी

*****